भारतीय भाषा समिति
BHARATIYA BHASHA SAMITI
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार
Ministry of Education, Govt. of India

Ref. No.: BBS/KTS-5.0/2026/2 01 November, 2026

To
The Principals / Heads
All Colleges/HEIs

Sub: Registration and Student Participation in Kashi Tamil Sangamam (KTS) 5.0 - reg.

Sir/Madam,

Kashi Tamil Sangamam (KTS), envisioned by the Hon'ble Prime Minister, is a significant national initiative to celebrate, reaffirm and strengthen the age-old civilisational and cultural links between Kashi and Tamil Nadu. The fifth edition KTS 5.0, is scheduled from **28 November to 12 December 2026** with the theme **"Thirukkural Payilvom - Thirukkural Abhyas Karen - Let's Learn the Thirukkural"**.

As part of KTS 5.0, a nationwide **Students' Engagement Programme** is being undertaken through **1000 Higher Education Institutions** to promote wider understanding of the Thirukkural among students from diverse academic disciplines and language backgrounds through structured study, research and campus-based knowledge-dissemination activities.

I would earnestly request your institution to register on the KTS 5.0 portal (kts.cict.in) at the earliest, and preferably well before the last date of registration i.e. 15th November 2026.

It is also requested to widely encourage the students across faculties/departments/colleges to participate, with particular attention to diverse Indian language backgrounds. Prescribed study resources are being made available in 22 Scheduled Indian Languages, including Tamil and Hindi, as well as in English through the portal- **kts.cict.in**.

For wider outreach, the enclosed D.O. letter of the Department of Higher Education provides the programme guidelines, timeline and related details. Ready-to-use publicity creatives/templates are also enclosed. These may kindly be shared through your official website and social media platforms and circulated among students, faculty members, affiliated/constituent colleges and other Higher Education Institutions in your network, wherever applicable.

Your enthusiastic participation will contribute significantly to making KTS 5.0 a vibrant student-led celebration of India's linguistic, literary and civilisational heritage.

I look forward to your valued cooperation and active participation.

With regards,

(Chamu Krishna Shastry)
Chairman
Bharatiya Bhasha Samiti

Enclosures:

1. D.O. letter of the Department of Higher Education, Ministry of Education, on the Students' Engagement Programme under KTS 5.0, with annexures/guidelines.
2. Designed publicity templates for institutional websites, social media platforms and student/HEI networks.

भारतीय भाषा समिति
BHARATIYA BHASHA SAMITI
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार
Ministry of Education, Govt. of India

संदर्भ सं.: BBS/KTS-5.0/2026/2 01 नवम्बर, 2026

सेवा में,
प्राचार्य / प्रमुख
समस्त महाविद्यालय / उच्च शिक्षा संस्थान

विषय: काशी तमिल संगमम (KTS) 5.0 में पंजीकरण एवं छात्र सहभागिता के संबंध में।

महोदय/महोदया,

माननीय प्रधानमंत्री की परिकल्पना से प्रेरित **काशी तमिल संगमम (KTS)**, काशी और तमिलनाडु के मध्य प्राचीनकाल से विद्यमान सभ्यतागत एवं सांस्कृतिक संबंधों का उत्सव मनाने, उन्हें पुनः पुष्ट करने तथा और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पहल है। इसका पांचवां संस्करण, **KTS 5.0**, दिनांक **28 नवम्बर से 12 दिसम्बर 2026** तक **"तिरुक्कुरल पोयिलवोम – तिरुक्कुरल अभ्यास करें – Let's Learn the Thirukkural"** विषयवस्तु के साथ आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

KTS 5.0 के अंतर्गत देशभर के **1000 उच्च शिक्षा संस्थानों** के माध्यम से एक व्यापक **छात्र सहभागिता कार्यक्रम (Students' Engagement Programme)** आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य विभिन्न शैक्षणिक विषयों तथा विविध भाषायी पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों के बीच **तिरुक्कुरल** की व्यापक समझ को प्रोत्साहित करना है। इसके अंतर्गत संरचित अध्ययन, अनुसंधान तथा परिसर-आधारित ज्ञान-प्रसार गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

आपके संस्थान से सादर अनुरोध है कि वह KTS 5.0 पोर्टल (kts.cict.in) पर यथाशीघ्र पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 नवम्बर 2026 से पूर्व अपना पंजीकरण सुनिश्चित करे।

यह भी अनुरोध है कि विभिन्न संकायों/विभागों/महाविद्यालयों के छात्रों को इस कार्यक्रम में अधिकाधिक भाग लेने हेतु व्यापक रूप से प्रोत्साहित किया जाए तथा विशेष रूप से विविध भारतीय भाषायी पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर ध्यान दिया जाए। इसके लिए निर्धारित अध्ययन सामग्री तमिल एवं हिंदी सहित संविधान की आठवीं अनुसूची में सम्मिलित 22 भारतीय भाषाओं तथा अंग्रेजी में पोर्टल- **kts.cict.in** पर उपलब्ध कराई जा रही है।

व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु, उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी संलग्न अर्द्धशासकीय (D.O.) पत्र में कार्यक्रम से संबंधित दिशा-निर्देश, समय-सीमा एवं अन्य आवश्यक विवरण उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही, उपयोग हेतु तैयार प्रचारात्मक क्रिएटिव्स/टेम्पलेट्स भी संलग्न हैं। कृपया इन्हें अपने संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा करने तथा छात्रों, संकाय सदस्यों, संबद्ध/संघटक महाविद्यालयों एवं, जहां उपयुक्त हो, अपने नेटवर्क के अन्य उच्च शिक्षा संस्थानों के बीच प्रसारित करने की कृपा करें।

आपकी उत्साहपूर्ण सहभागिता KTS 5.0 को भारत की भाषायी, साहित्यिक एवं सभ्यतागत धरोहर के एक जीवंत, छात्र-नेतृत्व वाले उत्सव के रूप में सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

आपके बहुमूल्य सहयोग एवं सक्रिय सहभागिता की अपेक्षा है।

सादर,

(चमू कृष्ण शास्त्री)
अध्यक्ष
भारतीय भाषा समिति

संलग्नक:
1. KTS 5.0 के अंतर्गत छात्र सहभागिता कार्यक्रम से संबंधित **उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय का अर्द्धशासकीय (D.O.) पत्र**, संलग्नकों/दिशा-निर्देशों सहित।
2. संस्थागत वेबसाइट, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तथा विद्यार्थी/उच्च शिक्षा संस्थान नेटवर्क के माध्यम से प्रचार-प्रसार हेतु **डिज़ाइन किए गए प्रचारात्मक टेम्पलेट्स**।